# इंजीनियर-डॉक्टर बनकर देश का नाम रोशन करें : राज्यपाल मंगुभाई पटेल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने शनिवार को शास्त्री ब्रिज स्थित नरसिंह मंदिर परिसर में संचालित भगिनी निवेदिता बालिका छात्रावास का दौरा कर जनजातीय छात्राओं से आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रावास परिसर में पौधरोपण भी किया और छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल के आगमन पर छात्राओं एवं विद्या भारती के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने छात्रावास के कमरों का निरीक्षण कर छात्राओं से उनकी पढ़ाई, पारिवारिक पृष्ठभूमि और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली।

राज्यपाल ने छात्राओं को मन लगाकर अध्ययन करने तथा जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह दी।



छात्राओं से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि उनकी भी तीन बेटियां हैं और उनकी नातिन कंप्यूटर इंजीनियर है। उन्होंने छात्राओं को इंजीनियर, डॉक्टर और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्या भारती जैसे संस्कारवान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संस्थान में पढ़ना सौभाग्य की बात है।

राज्यपाल ने शिक्षकों और छात्रावास प्रबंधन से भी चर्चा कर छात्राओं की शिक्षा एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बालिका शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षित और आत्मनिर्भर बेटियां देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, विद्या भारती के पदाधिकारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# भावांतर भुगतान योजना को मिला स्कॉच गोल्ड अवार्ड

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश सरकार की किसान हितैषी भावांतर भुगतान योजना-2025 को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

पुरस्कार राज्य की कृषि विपणन व्यवस्था में किए गए नवाचारों और किसानों के हित में लागू की गई योजनाओं की सफलता का प्रमाण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व और किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना के मार्गदर्शन में भावांतर भुगतान योजना और ई-मंडी प्रणाली को एकीकृत डिजिटल ढांचे के तहत लागू किया गया है।



इस पहल का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना और कृषि विपणन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना है।

योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी पूरी तरह ई-मंडी एप्लीकेशन के माध्यम से की गई। यह व्यवस्था किसानों को बाजार भाव में गिरावट से सुरक्षा प्रदान करती है। न्यूनतम समर्थन मूल्य और वास्तविक बिक्री दर के बीच के अंतर की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा की जाती है, जिससे उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिलती है। मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड की ओर से यह पुरस्कार अधिकारियों ने ग्रहण किया। राज्य सरकार ने इसे किसानों के कल्याण, डिजिटल नवाचार और कृषि सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

# महिला के खाते से 6.61 लाख की साइबर ठगी

**भोपाल।** राजधानी में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। अशोका गार्डन थाना क्षेत्र निवासी रेनू शर्मा के बैंक खाते से अज्ञात साइबर ठगों ने 6 लाख 61 हजार 995 रुपए निकाल लिए। घटना का पता चलने पर पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार, ठगों ने किसी तकनीकी माध्यम से बैंक खाते तक पहुंच बनाकर रकम की अवैध निकासी की। शिकायत मिलने के बाद अशोका गार्डन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की पड़ताल के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है। साइबर सेल लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड, आईपी एड्रेस और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच कर रही है। पुलिस का मानना है कि ठगों ने फिशिंग लिंक, फर्जी कॉल या अन्य साइबर तरीकों का इस्तेमाल कर वारदात को अंजाम दिया हो सकता है।

## शाहपुरा पुलिस ने बाइक चोर को दबोचा मोटरसाइकिल की बरामद

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** शाहपुरा थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी की पहचान राहुल सिंह राजपूत (30) निवासी ईश्वर नगर, शाहपुरा के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार 17 जून 2026 को अंबेडकर नगर निवासी महेश कुमार उईके ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-47 बीए-2023 अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। शिकायत पर शाहपुरा थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक दाना-पानी कलारी के पास चोरी की मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी राहुल सिंह राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार कर लिया।

पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की बाइक जब्त कर ली है। मामले में आगे की पूछताछ जारी है।

# आज दोपहर गायब हो जाएगी परछाई, 14 जिलों में दिखेगा 'जीरो शैडो डे

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** खगोल विज्ञान के दृष्टिकोण से 21 जून का दिन मध्य प्रदेश के लिए विशेष महत्व रखता है। कर्क रेखा के आसपास स्थित प्रदेश के 14 जिलों में शनिवार को 'जीरो शैडो डे' का दुर्लभ नजारा देखने को मिलेगा। इस दौरान दोपहर में कुछ क्षणों के लिए लोगों और वस्तुओं की परछाई लगभग पूरी तरह गायब हो जाएगी। विज्ञान प्रसारक सारिका घारू के अनुसार, 21 जून को सूर्य उत्तरी गोलार्द्ध में अपनी अधिकतम ऊंचाई पर पहुंचता है। इस खगोलीय स्थिति को 'समर सॉल्सटिस' कहा जाता है। यही कारण है कि यह दिन वर्ष का सबसे लंबा दिन और सबसे छोटी रात लेकर आता है।

जीरो शैडो डे के दौरान स्थानीय सोलर नून पर सूर्य ठीक सिर के ऊपर दिखाई देता है। ऐसे में किसी व्यक्ति या सीधी खड़ी वस्तु की छाया उसके ठीक नीचे सिमट जाती है और कुछ पलों के लिए लगभग अदृश्य हो जाती है। इस घटना को देखने के लिए किसी विशेष उपकरण की आवश्यकता नहीं होती। निर्धारित समय से कुछ मिनट पहले खुले स्थान पर खड़े होकर इसे आसानी से देखा जा सकता है।

यह खगोलीय घटना शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, दमोह, सागर, रायसेन, विदिशा, भोपाल, सीहोर, राजगढ़, आगर मालवा, उज्जैन और रतलाम जिलों में दिखाई देगी।

भोपाल में इसका समय दोपहर 12:22 बजे निर्धारित है। सारिका घारू ने विद्यार्थियों और आम नागरिकों से इस वैज्ञानिक घटना का प्रत्यक्ष अवलोकन करने की अपील की है।

# गौ संरक्षण के आदर्श केंद्र के रूप में विकसित होगी कपिला गौशाला : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय ऊर्जा, शहरी विकास एवं आवासन मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को ग्राम रत्नाखेड़ी स्थित कपिला गौशाला पहुंचकर गौ-माता का पूजन किया तथा गोवंश को पशु आहार खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्थानीय निकायों के माध्यम से गौशाला संचालन का प्रभावी मॉडल विकसित किया है। इसके अंतर्गत नगरीय एवं ग्रामीण निकायों को गौशालाओं के संचालन के लिए आवश्यक सहयोग और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।




साथ ही बड़े स्तर पर सामुदायिक गौशालाएं संचालित करने के इच्छुक संस्थानों और व्यक्तियों को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश की विभिन्न गौशालाओं में लगभग चार लाख गोवंश सुरक्षित रूप से संरक्षित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत अच्युतानंद जी महाराज के सहयोग और जनभागीदारी से गौ सेवा एवं गौ संरक्षण के प्रति लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है। इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर सहित कई शहरों में लोग जन्मदिन तथा अन्य विशेष अवसरों पर गौशालाओं में पहुंचकर गौ सेवा कर रहे हैं। कपिला गौशाला में लगभग दो हजार गोवंश को रखने की क्षमता विकसित की जा रही है। परियोजना के तहत चार बड़े शेड, गोवंश औषधालय, भूसा भंडारण शेड, गौ सेवा शाला, बायोगैस संयंत्र, प्रशासनिक भवन, प्रयोगशाला, डेयरी, पार्किंग क्षेत्र, उद्यान, वॉच टावर और वृक्षारोपण क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नगर निगम द्वारा इस क्षेत्र का कायाकल्प कर इसे गौ संरक्षण एवं संवर्धन के आदर्श केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो प्रदेश में गौ सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

# राष्ट्रपति मुर्मु का डुमना विमानतल पर हुआ भव्य स्वागत

**भोपाल।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का आज भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से शाम 6 बजे डुमना एयरपोर्ट आगमन हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, वेटिंग इन मिनिस्टर व उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार, राज्यसभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा बाल्मिक व श्री विवेक तन्खा, सांसद श्री आशीष दुबे, विधायक सर्वश्री अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, डॉ. अभिलाष पांडे, संतोष बरकड़े एवं लखन



घनघोरिया तथा सेना के वरिष्ठ अधिकारी, कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री संपत उपाध्याय ने पुष्प-गुच्छ देकर आत्मीय स्वागत किया।

## राष्ट्रपति मुर्मु आज कूनो नेशनल पार्क में करेंगी विश्राम

*राष्ट्रपति श्रीमती दौपदी मुर्मु 21 जून को श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में रात्रि विश्राम करेंगी। राष्ट्रपति 21 जून को पहले ग्वालियर पहुंचेंगी। इसके बाद वे वायु सेना के विशेष हेलिकॉप्टर से रवाना होकर कूनो नेशनल पार्क के पालपुर पहुंचेंगी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु कूनो में बोत्सवाना से लाए गए चीतों के बाड़ों, उनकी देखरेख और प्रोजेक्ट चीता की प्रगति की जानकारी लेंगी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु कूनो में 22 जून को चीता सफारी करेंगी, साथ ही चीता मित्रों, चीता मॉनिटरिंग टीम के सदस्यों और कूनो के गाइडों से भी मिलेंगी।*

# पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी

**किसानों के खातों में पहुंचे 18,880 करोड़ रुपए**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के हुगली जिले से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 23वीं किस्त जारी की। इसके तहत देशभर के 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18,880 करोड़ रुपए की राशि सीधे हस्तांतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किसानों, गरीबों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान सम्मान निधि, सिंचाई, बिजली, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान सरकार किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान गेहूं का मूल्य काफी कम था, जबकि वर्तमान में सरकार 2,625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीदी कर रही है। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की भी बात कही और कहा कि इस दिशा में मध्य प्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत 24 फरवरी 2019 को की गई थी। योजना के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि 2,000-2,000 रुपए की तीन समान किस्तों में सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाती है। योजना का उद्देश्य किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करना और उनकी आय में वृद्धि करना है।

# ईएसआई अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर प्रदर्शन




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सोनागिरी स्थित कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और मरीजों को हो रही परेशानियों को लेकर शनिवार को श्रमिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने और विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई गई।

प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए अस्पताल में मल्टी स्पेशियलिटी सेवाएं शुरू करने, विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति करने तथा आवश्यक चिकित्सा स्टाफ की संख्या बढ़ाने की मांग की।

साथ ही सीटी स्कैन, एमआरआई जैसी आधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने और पर्याप्त दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। ज्ञापन में अस्पताल की 24 घंटे आपातकालीन सेवाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करने की मांग भी की गई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि श्रमिकों और उनके परिजनों को बेहतर उपचार के लिए अन्य अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त हानि होती है।

इसके अलावा अन्य स्थानों पर स्थानांतरित किए गए चिकित्सकों और कर्मचारियों को पुनः ईएसआई अस्पताल सोनागिरी में पदस्थ करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। प्रदर्शन में शामिल श्रमिक नेता दीपक गुप्ता ने कहा कि अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले श्रमिकों और उनके परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करने का आग्रह किया।

प्रदर्शन के दौरान मनीष गौतम, तोरण सिंह मीणा, अशोक यादव, आरिफ खान, टीआर गहलोत, सुशील प्रजापति, ललित सेन, संतराम दुबे, लोकेंद्र शेखावत और शाहिद अली सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# भोपाल में बारिश और तेज हवाओं से गर्मी से मिली राहत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी भोपाल में शनिवार को मौसम ने करवट ली। दिनभर बादलों की आवाजाही के बीच शहर के कई इलाकों में हल्की बारिश और बूंदाबांदी दर्ज की गई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। मौसम में बदलाव के साथ तापमान में गिरावट महसूस की गई और शाम के समय वातावरण सुहाना हो गया।

शहर के अरेरा कॉलोनी, कोलार, एमपी नगर, न्यू मार्केट और पुराने शहर के कुछ हिस्सों में हल्की वर्षा की खबरें सामने आईं।



बारिश के चलते सड़कों पर धूल कम हुई और लोगों ने राहत की सांस ली। कई स्थानों पर लोग शाम के समय बड़े तालाब और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर मौसम का आनंद लेते नजर आए।

भोपाल में नमी का स्तर बढ़ा हुआ है तथा अगले कुछ दिनों तक बादल छाए रहने और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदेश में मानसून की गतिविधियां धीरे-धीरे सक्रिय हो रही हैं, जिसके चलते आने वाले दिनों में वर्षा का दायरा बढ़ सकता है।

## अवधपुरी से महिला बिना बताए गायब

भोपाल। अवधपुरी थाना क्षेत्र की निवासी 45 वर्षीय आरती देवी 19 जून से घर से बिना बताए कहीं चली गई हैं। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला।

## करंट लगने से युवक की मौत, जांच शुरू

भोपाल। बाग सेवनिया थाना क्षेत्र के गुड़ा मंदिर रोड पर बिजली जांच कार्य के दौरान 25 वर्षीय शोभू वर्मा को करंट लग गया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**कार्रवाई** *राजधानी में 82 करोड़ की छह अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर...*

# कोलूखेड़ी, बरखेड़ी बज्याफत और जमोनिया क्षेत्र में कार्रवाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए छह कॉलोनियों में तोड़फोड़ की। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीनों से बाउंड्रीवॉल, प्रवेश द्वार और सड़कों को ध्वस्त किया गया। प्रशासन के अनुसार करीब 82 करोड़ रुपये मूल्य की जमीन पर बिना वैधानिक अनुमति के इन कॉलोनियों का विकास किया जा रहा था।

कार्रवाई के दौरान कोलूखेड़ी स्थित रिद्धि-सिद्धि और सपना कॉलोनी को निशाना बनाया गया। इसी क्षेत्र में एक कॉलोनाइजर द्वारा खसरा नंबर 128 की लगभग 1.846 हेक्टेयर भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 13 करोड़ रुपये बताई गई है।

इसके अलावा ग्राम बरखेड़ी बज्याफत स्थित भूपति परिसर और राधा परिसर में भी कार्रवाई की गई। यहां बनी सड़कों और अन्य अवैध निर्माणों को हटाया गया। ग्राम सेमरी बज्याफत स्थित विंध्य रेनबो फार्म्स तथा ग्राम जमोनिया छीर की श्रद्धा कॉलोनी में भी प्रशासन ने जेसीबी चलाकर अवैध विकास कार्यों को ध्वस्त किया।



प्रशासन का कहना है कि संबंधित कॉलोनियों के पास आवश्यक स्वीकृतियां और अनुमति नहीं थीं, इसके बावजूद भूखंडों का विकास किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान राजस्व और प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में पूरे क्षेत्र का निरीक्षण भी किया गया। एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा। राजधानी में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने शनिवार को बड़ा अभियान चलाया। शहर और आसपास के क्षेत्रों में बिना अनुमति विकसित की जा रही छह कॉलोनियों पर एक साथ बुलडोजर कार्रवाई की गई। करीब 82 करोड़ रुपए मूल्य की जमीन पर किए गए अवैध विकास कार्यों को हटाते हुए प्रशासन ने सड़कें, गेट और बाउंड्रीवॉल ध्वस्त कर दीं। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया के नेतृत्व में राजस्व और प्रशासनिक अमले ने यह कार्रवाई की। एक साथ कई स्थानों पर हुई कार्रवाई से कॉलोनाइजरों और जमीन कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया। प्रशासन ने नई अवैध कॉलोनियों की पहचान शुरू कर दी है और आने वाले दिनों में भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि बिना वैधानिक अनुमति कॉलोनी विकसित करने वालों के खिलाफ किसी भी स्तर पर नरमी नहीं बरती जाएगी।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com